**निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में दिनांक 14.11.2017 की प्रातः 11.30 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) के अन्तर्गत मै0 विजन ई0आई0एस0 कन्सलटिंग प्रा0लि0 के तीन क्लस्टरों क्रमशः इलाहाबाद, झांसी एवं सहारनपुर की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न है।**

कार्यक्रम अधिकारी, सूडा द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 विजन ई0आई0एस0 कन्सलटिंग प्रा0लि0 द्वारा तीनों क्लस्टरों में कार्य अभी प्रगति पर है। नगर निगम क्षेत्रों में सूची अभी तक चस्पा नहीं की गयी है, जिस कारण किसी भी नगर निगम क्षेत्र की डी0पी0आर0 स्वीकृत नहीं करायी जा सकी है। क्लस्टरवार विवरण निम्नवत् हैः–

1. सहारनपुरः–संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सहारनपुर नगर निगम में प्राप्त कुल 48345 आवेदन पत्रों में से बी0एल0सी0(नया आवास) घटक के 12732 आवेदन पत्रों में से 2221 आवेदन पत्रों का प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है तथा अवशेष 10511 आवेदन पत्रों के वैलीडेशन का कार्य दिनांक 24.11.2017 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि प्रमाणित 2221 लाभार्थियों की सूची नगर आयुक्त, सहारनपुर को भी उपलब्ध करायें, जिससे उनके द्वारा भी लाभार्थियों का सत्यापन शीघ्रतिशीघ्र कराया जा सकें। साथ ही उक्त सूची मै0 स्पेस कम्बाइन को भी उपलब्ध करा दी जायें। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त 2221 लाभार्थियों से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र यथा–सहमति पत्र, भू–स्वामित्व सम्बन्धी, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति आदि सूडा को दिनांक 25.11.2017 तक उपलब्ध करा दिये जायें।

   संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निकाय गढ़ीपुख्ता, जनपद शामली की लाभार्थी सूची अधिशासी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित है तथा दिनांक 25.11.2017 तक पी0एम0सी0 कन्सलटेन्ट को उपलब्ध करा दी जायेगी।

   जनपद शामली की नगर निकाय बनत, झिंझाना एवं एलम में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) घटक के लाभार्थियों की संख्या निकाय की जनसंख्या के दृष्टिगत अत्यन्त कम होने के कारण निर्देशित किया गया कि तीनों नगर निकायों का पुनः सत्यापन दिनांक 30.11.2017 तक पूर्ण कराया जायें। नगर पालिका परिषद शामली में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) घटक के अन्तर्गत कुल 2627 आवेदन पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से प्रमाणीकरण पश्चात् मात्र 331 लाभार्थी ही पात्र पाये गये, जो कि प्रथम दृष्टया सही प्रतीत नहीं होता है। इस पर उक्त निकाय के आवेदन पत्रों का दिनांक 30.11.2017 तक पुनः सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त 331 लाभार्थियों की सूची पी0एम0सी0 कन्सलटेन्ट को उपलब्ध करायें।

   अवगत कराया गया कि जनपद मुजफ्फरनगर की नगर निकाय खतौली, बुढ़ाना एवं नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में प्रमाणीकरण का कार्य प्रगति पर है। नगर निकाय खतौली एवं बुढ़ाना को

क्रमशः......2 पर

दिनांक 28.11.2017 तक एवं नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर को दिनांक 28.11.2017 तक पूर्ण कर अवगत करायें।

2. झाँसी:–संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम झाँसी में प्राप्त 34186 आवेदन पत्रों के प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें बी0एल0सी0(नया आवास) घटक के 1917 लाभार्थियों को पात्र पाया गया है। निर्देशित किया गया कि बी0एल0सी0(नया आवास) घटक के 1917 लाभार्थियों की सूची नगर आयुक्त, झाँसी को उपलब्ध करा दे, जिससे कि उनके द्वारा भी लाभार्थियों का सत्यापन शीघ्रतिशीघ्र कराया जा सकें। साथ ही उक्त सूची मै0 वैप्कॉस को भी उपलब्ध करा दी जायें। इसके अतिरिक्त समस्त घटकों का डाटा सूडा को भी उपलब्ध करायें।

जनपद झाँसी की नगर निकाय टोंडी फतेहपुर, समथर तथा जनपद जालौन की चार नगर निकाय जालौन, नदीगांव, कालपी, उरई, रामपुरा में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक में लाभार्थियों की संख्या अपेक्षित न होने के कारण दिनांक 28.11.2017 तक पुनः सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया।

झाँसी क्लस्टर में जिन निकायों में प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन निकायों के पात्र लाभार्थियों की अधिशासी अधिकारी से हस्ताक्षरित सूची सूडा में तथा पी0एम0सी0 कन्सलटेन्ट को तत्काल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रमाणीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु परियोजना अधिकारी, डूडा से समन्वय कर स्टॉफ को बढ़ाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

3. इलाहाबाद:–संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम इलाहाबाद में प्राप्त 31386 आवेदन पत्रों के प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें बी0एल0सी0(नया आवास) घटक के 1396 लाभार्थियों को पात्र पाया गया है। अवशेष 21000 आवेदन पत्रों के प्रमाणीकरण का कार्य दिनांक 30.11.2017 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि बी0एल0सी0(नया आवास) घटक के 1396 लाभार्थियों की सूची नगर आयुक्त, इलाहाबाद को उपलब्ध करा दे, जिससे कि उनके द्वारा भी लाभार्थियों का सत्यापन शीघ्रतिशीघ्र कराया जा सकें। साथ ही उक्त सूची मै0 स्पेस कम्बाइन को भी उपलब्ध करा दी जायें। इसके अतिरिक्त समस्त घटकों का डाटा सूडा को भी उपलब्ध करायें।

जनपद प्रतापगढ़ की पांच नगर निकायों पट्टी, मानिकपुर, कुण्डा, बेलहा एवं प्रतापगढ़ सिटी में डूडा के साथ संयुक्त प्रमाणीकरण का कार्य प्रत्येक दशा में दिनांक 30.11.2017 तक पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

क्रमशः......3 पर

अन्त में निम्न निर्देश दिये गये:–

1. अमान्य आधार को सही करने का कार्य दिनांक 28.11.2017 तक पूर्ण किया जाये।
2. शत–प्रतिशत एम0आई0एस0 अटैचमेन्ट का कार्य दिनांक 30.11.2017 तक पूर्ण किया जाये।
3. स्वीकृत आवासों के पुनः सत्यापन का कार्य डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट के साथ संयुक्त रूप से किया जाये।
4. सूडा एवं संस्था के मध्य सामंजस्य बनाये रखने हेतु एक प्रतिनिधि तत्काल उपलब्ध करायें।
5. परियोजना अधिकारी, डूडा की सहायता से प्रमाणीकरण पूर्ण करने हेतु आवश्यक स्टॉफ की पूर्ति की जाये।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

पत्रांकः–3194 /01/29/एचएफए–11/2017–18 दिनांकः–17/11/2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
3. मै0 विजन ईआईएस कन्सलटिंग प्रा0लि0, नोएडा।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक